प्रादेशिक समाचार
दिनांक—25.04.2024 (दोपहर—1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में झारखंड के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू समेत देशभर के छियान्बे सीटों के लिए अब से थोड़ी ही देर में दोपहर बाद तीन बजे नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा समाप्त हो जाएगी। इस क्रम में लोहरदगा सीट के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने गुमला के उपायुक्त —सह— जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन भी मौजूद रहे। इसके बाद यहां इंडी गठबंधन के चुनावी रैली को मुख्यमंत्री और गठबंधन के नेता संबोधित करेंगे। वहीं, निर्वाचन आयोग द्वारा पांचवे चरण में हजारीबाग, कोडरमा और चतरा समेत उनचास सीटों के लिए कल अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. प्रत्याशी तीन मई तक पर्चा दाखिल कर सकेंगे।

****

राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों और संबधित जिलों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस दिन बैंक समेत सभी सरकारी और निजी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी की है।

****

गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत आज रन फॉर वोटर का आयोजन किया गया। शहर के झण्डा मैदान से निकले इस रन फॉर वोटर में जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी समेत कई अधिकारी, कर्मचारी और आम लोग शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त ने मतदाताओं से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की।

****

धनबाद लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव को लेकर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज वेयर हाउस को खोला गया। इससे पहले कल ईवीएम और वीवीपैट का पहला रैंडमाइजेशन संपन्न हुआ था।

****

संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने रांची लोकसभा सीट के लिए प्रवीण कच्छप को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

****

केंद्रीय सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने आज मुंबई में एशिया वीडियो इंडस्ट्री एसोसिएशन—एवीआईए फ्यूचर ऑफ वीडियो इंडिया सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री जाजू ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग को दस हजार करोड़ अमरीकी डालर का एक मजबूत बाजार बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

****

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज टाना भगतों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने अपनी समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

****

केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में सत्र 2024—25 के स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से शुरू होगी। यह नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी एनटीए द्वारा आयोजित कम्बाइन्ड यूनिवर्सिटी इन्ट्रेन्स टेस्ट, सीयूईटी में अंको के आधार पर होगी। इसमें सीयूईटी में क्वालीफाई करनेवाले विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे।

****

रेलवे ने यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए धनबाद—भुवनेश्वर—धनबाद स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन को अवधि विस्तार दिया है। यह ट्रेन अब एक मई से तीस जून तक चलेगी।

****

खूंटी लोकसभा सीट के लिए आज नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। अब तक दस प्रत्याशी पर्चा दाखिल कर चुके हैं। विस्तृत ब्योरा दे रही हैं हमारी संवाददाता–

****

हजारीबाग जिले के कटकमदाग प्रखण्ड में हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ का शुभारंभ आज कलश यात्रा के साथ शुरु हुआ।

****

रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित कुरबीज गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब की एक सौ बत्तीस बोतलों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

****

शंघाई में चल रहे विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरूष रिकर्व टीम इवेन्ट के फाइनल में भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। वहीं आज दक्षिण कोरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल हासिल किया।

****** समाप्त ******